# ओमशान्ति मीडिया

मूल्यनिष्ठ समाज की रचना के लिए समर्पित

वर्ष -26 | जनवरी - I - 2024 | अंक - 19 | माउण्ट आबू | Rs.-12

••• सरदार वल्लभभाई पटेल मेमोरियल ऑडिटोरियम में आशीर्वाद फाउंडेशन द्वारा पुरस्कार वितरण समारोह •••

# राजयोगिनी चंद्रिका दीदी को 'धरती रत्न' पुरस्कार से किया सम्मानित



इस कार्यक्रम में भारत सरकार के संगीत नाटक अकादमी के उपाध्यक्ष पद्मश्री जोरावरसिंह जादव, पूर्व राजस्व मंत्री कौशिकभाई पटेल, मोंटे कार्लो लिमिटेड के अध्यक्ष कनुभाई पटेल, सत्य साईंबाबा अस्पताल के ट्रस्टी कंचनभाई जावेरी, आशीर्वाद फाउंडेशन के अध्यक्ष आर. एस. पटेल तथा ट्रस्टी डॉ. के. एम. पटेल, कवि माधव रामानुज और कई गणमान्य नेता, विभिन्न क्षेत्र के महानुभाव तथा विशिष्ट नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

**अहमदाबाद।** सरदार वल्लभभाई पटेल मेमोरियल ऑडिटोरियम में आशीर्वाद फाउंडेशन द्वारा आयोजित 'धरती रत्न पुरस्कार वितरण समारोह' में गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत द्वारा ब्रह्माकुमारीज़ महादेवनगर सेवाकेन्द्र की संचालिका,संस्थान के कला एवं संस्कृति प्रभाग की अध्यक्ष तथा युवा प्रभाग की उपाध्यक्ष राजयोगिनी ब्र.कु. चंद्रिका दीदी को 'धरती रत्न' पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। साथ ही मानव सेवा के लिए कार्य करने वाली 14 अन्य विभूतियों को भी इस सम्मान से सम्मानित किया गया। स्वास्थ्य एवं सेवाओं के क्षेत्र में 47 वर्षों से कार्य कर रहे आशीर्वाद फाउंडेशन के इस समारोह में राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने कहा कि निःस्वार्थ भाव से समाज की सेवा करने वाले लोगों का सम्मान करना समाज का कर्त्तव्य है। ऐसे सम्मान से दूसरों को भी सेवा करने की प्रेरणा मिलती है। राज्यपाल ने कहा कि अन्न का एक दाना धरती में मिलकर अनेक अनाज पैदा करता है, मानव सेवा के प्रति समर्पित लोग सुंदर समाज का निर्माण करते हैं। उन्होंने धरती रत्न पुरस्कार से सम्मानित महानुभावों को उनके कार्यों के लिए बधाई दी और ऐसे सेवा कार्यों को सच्ची मानवता बताते हुए कहा कि दूसरों के दर्द को अपने दिल में महसूस कर पाना, अपनी आँखों से दूसरों के लिए आंसू बहाना और परोपकार के लिए जीना ही जीवन की सार्थकता है। राज्यपाल देवव्रत ने कहा कि श्री राम, श्री कृष्ण, महात्मा गांधी, स्वामी दयानंद सरस्वती, स्वामी विवेकानंद आदि आज भी अमर हैं, यह उनके श्रेष्ठ कर्मों का ही परिणाम है। अच्छे कर्मों से बड़ी कोई पूंजी नहीं है। अच्छे कर्मों का फल सुख और बुरे कर्मों का फल दुःख और परेशानी है।

मुख्यमंत्री खट्टर ने किया नशा मुक्त हरियाणा अभियान का शुभारंभ, कहा...

# ब्रह्माकुमारी बहनों की प्रेरणा और शक्ति से सहज होंगे नशे से मुक्त युवा

**पानीपत-हरियाणा।** ब्रह्माकुमारीज़ के ज्ञान मानसरोवर रिट्रीट सेंटर के 11वें वार्षिक समारोह एवं नशा मुक्त भारत अभियान के तहत 'नशा मुक्त हरियाणा अभियान' का माननीय मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने शुभारंभ किया। सभा को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री महोदय ने अभियान चलाकर ब्रह्माकुमारीज़ ने बड़ी सराहना का कार्य किया है। इस श्रेष्ठ कार्य में जब ब्रह्माकुमारी बहनें आगे आएंगी तो उनकी प्रेरणा और शक्ति से नशा करने वाले युवा सहजता पूर्वक इससे मुक्त होंगे। डॉ. प्रताप मिड्ढा,डायरेक्टर ग्लोबल हॉस्पिटल,माउण्ट आबू ने बताया कि



मुख्यमंत्री को ईश्वरीय सौगात भेंट करते हुए राजयोगिनी सरला दीदी व ब्र.कु. भारत भूषण भाई।

कहा कि जो युवा गलत दिशा में जा रहे हैं उनको बचाने के लिए सबके सहयोग की आवश्यकता है। पूरे समाज के लिए यह बहुत बड़ी चुनौती है। उन्होंने आगे कहा कि राजयोग मेडिटेशन अपने आप में एक ऐसी पद्धति है जिससे सहज ही इन व्यसनों से मुक्ति पाई जा सकती है। परमात्मा के साथ लगन इस नशे की आदत से दूर कर सकती है। इसलिए ज़्यादा से ज़्यादा लोगों को ध्यान-योग के मार्ग पर लाने का प्रयास किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान भारत सरकार के साथ मिलकर इस अभियान के तहत देश के कोने-कोने में जाकर सेवाएं दे रहा है। राज्यसभा सांसद कृष्ण लाल पवार ने शुभकामनायें देते हुए कहा कि ब्रह्माकुमारीज़ की समाज के कल्याण में अहम् भूमिका है। कार्यक्रम में पानीपत रिफाइनरी के कार्यकारी निदेशक एम. एल. डारिया, बचन सिंह आर्य,पूर्व कैबिनेट मिनिस्टर,हरियाणा सहित 1000 से अधिक भाई-बहनें शामिल हुए। ज्ञान मानसरोवर निदेशक राजयोगी ब्र.कु. भारत भूषण ने सभी का हृदय से स्वागत किया। संस्थान की उपक्षेत्रीय निदेशिका राजयोगिनी ब्र.कु. सरला दीदी ने मुख्यमंत्री को शॉल एवं ईश्वरीय सौगात भेंट कर सम्मानित किया। ब्र.कु. पुष्पा दीदी,कैथल एवं ब्र.कु. दीया बहन, ओआरसी ने भी शुभकामनायें दीं। मंच संचालन ब्र.कु. शिवानी बहन ने किया।

**ज्ञान मानसरोवर रिट्रीट सेंटर के 11वें वार्षिकोत्सव पर नशा मुक्ति अभियान का आगाज**

**अभियान के तहत स्कूल, कॉलेज व यूनिवर्सिटी में जाकर युवाओं को करेंगे जागरुक**

**दादी चंद्रमणि यूनिवर्सल पीस ऑडिटोरियम का उद्घाटन एवं मनमोहिनी भवन का मुख्यमंत्री ने किया शिलान्यास**

**ऑडिटोरियम में 2200 से ज़्यादा लोगों के बैठने की है सुविधा**



फिल्म सिटी नोएडा में '16वां नेशनल वुमेन एक्सीलेंस अवॉर्ड 2023'

# 'शक्ति लाइफटाइम अवॉर्ड' से ब्र.कु. कोकिला दीदी को किया सम्मानित

**नोएडा-उ.प्र.।** अंतर्राष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन दिवस के उपलक्ष्य में फिल्म सिटी सेक्टर 16 ए नोएडा उत्तर प्रदेश में आयोजित '16वें नेशनल वुमेन एक्सीलेंस अवॉर्ड 2023' के अवसर पर सर्वप्रथम ब्रह्माकुमारीज़ के सहज राजयोग शिक्षण केन्द्र पंजाबी बाग,दिल्ली की मुख्य निदेशिका ब्र.कु. कोकिला दीदी को योग के क्षेत्र में विशेष योगदान और अथक प्रयासों के लिए 'शक्ति लाइफटाइम अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर कोकिला दीदी ने नारी का अर्थ (न+अरी) अर्थात् जिनका कोई दुश्मन नहीं बताते हुए सभी को शांत, पवित्र व शक्ति स्वरूप से राजयोग का अभ्यास कराते हुए गहन शांति व आत्म अनुभूति कराई । देश भर से अनेक सम्माननीय महिलाओं को इस कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया। मारवाह स्टूडियो, नोएडा में आयोजित इस कार्यक्रम में डॉ. संदीप मारवाह,एशियन एकेडमी ऑफ फिल्म एंड टेलीविजन और नोएडा फिल्म सिटी के संस्थापक-अध्यक्ष, मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने इस अवसर पर अपने सम्बोधन में कहा 'मैं इस दुनिया को 'शुभ मंगलम' अर्थात् सतयुग बनाना चाहता हूँ। अवॉर्ड लेने वाले सभी को मुबारकबाद देते हुए उन्होंने कहा कि ये वह लोग हैं जो मेहनत करके कुछ करना चाहते हैं। यह सभी इस अवॉर्ड के हकदार हैं। लक्ष्मी ठाकुर ने कार्यभार संभालते हुए मंच का संचालन किया।